लव यू कन्हैया लव यू कन्हैया

लव यू मेरे यार कन्हैया,
तू भी कह दे इक वार मेरे यार कन्हैया,
लव यू कन्हैया लव यू कन्हैया,

मैं तेरे बचपन का साथी नाम सुदामा यार मेरा,
भूल गया क्या छीन के खाया था गुड़ चना जो यार तेरा,
तुझपर बाकी है ये उधार कन्हैया,
तू भी कह दे इक वार मेरे यार कन्हैया,
लव यू कन्हैया लव यू कन्हैया,

ना तुझसे धन दौलत मांगू ना चांदी ना सोना,
मुझको देदे अपने दिल में इक छोटा सा कोना,
करले मुझपे ये उपकार कन्हैया,
तू भी कह दे इक वार मेरे यार कन्हैया,
लव यू कन्हैया लव यू कन्हैया,

तू है द्वारका दीश तो मैं हु राजा अपने मन का,
मुझपर अपना रॉब चलाना न ताकत का न धन का,
मैं फकर मनमौजी दिल दार कन्हैया ,
तू भी कह दे इक वार मेरे यार कन्हैया,
लव यू कन्हैया लव यू कन्हैया,

मैं निर्धन ब्रामण तू राजा फिर भी अपनी यारी,
तू मुझको है जान से प्यारा मैं तुझपे बलहारी,
बात है सची करले ऐतवार कन्हेयां,
तू भी कह दे इक वार मेरे यार कन्हैया,
लव यू कन्हैया लव यू कन्हैया,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6316/title/love-you-mere-yaar-kanhiyan-tu-bhi-keh-de-ek-baar-mere-yaar-kanhiyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |